# Awareness program and distribution of inkind items at Sundernagar






Farmers
हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण
मण्डी, जिला मण्डी
आपका हार्दिक स्वागत एवं
सौजन्य : श्रम कल्याण अधिकारी, मण्डी,
श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू



अनंत ज्ञान

हिमाचल प्रदेश सरकार
सूचना एवं जन सम्पर्क
Information & Public Relations
Government of Himachal Pradesh

# सुंदरनगर में कामगारों के लिए जागरूकता समारोह आयोजित



कामगारों के लिए जागरूकता एवं वितरण समारोह में गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर के सामुदायिक भवन में हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा कामगारों के लिए जागरूकता एवं वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र सोहन लाल ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर श्रम कल्याण बोर्ड मंडी में पंजीकृत लाभार्थियों को इंडक्शन चूल्हे व सोलर लैंप वितरित किए तथा कार्यक्रम के दौरान हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं का ऑनलाइन माध्यम से लाभ लेने के लिए सुंदरनगर के पंजीकृत लाभार्थियों की ई-केवाईसी भी करवाई गई। साथ ही लोगों की समस्याओं को भी सुना गया।

इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र सोहनलाल ठाकुर ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुखों के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जरूरतमंद व्यक्तियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर सुंदरनगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हेमंत शर्मा, सुंदरनगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महासचिव सीएल अवस्थी, श्रम अधिकारी जिला मंडी भावना शर्मा, श्रम कल्याण अधिकारी जिला मंडी अनिल ठाकुर, लेबर इंस्पेक्टर मुकुंद शर्मा, पार्षद गण, पंचायत के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

हिमाचल दस्तक

हिमाचल प्रदेश सरकार
सूचना एवं जन सम्पर्क
Information & Public Relations
Government of Himachal Pradesh

## पंजीकृत लाभार्थियों को इंडक्शन चूल्हे व सोलर लैंप वितरित किए

**सुंदरनगर।** कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर के सामुदायिक भवन में हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा कामगारों के लिए जागरूकता एवं वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की तथा पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र सोहनलाल ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रम कल्याण बोर्ड मंडी में पंजीकृत लाभार्थियों को इंडक्शन चूल्हे व सोलर लैंप वितरित किए तथा कार्यक्रम के दौरान हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं का ऑनलाइन माध्यम से लाभ लेने के लिए सुंदरनगर के पंजीकृत लाभार्थियों की ई-केवाईसी भी करवाई गई।

दिव्य हिमाचल

हिमाचल प्रदेश सरकार
सूचना एवं जन सम्पर्क
Information & Public Relations
Government of Himachal Pradesh

## सुंदरनगर में नवाजे कामगार

सुंदरनगर। कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर के सामुदायिक भवन में हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा कामगारों के लिए जागरूकता एवं वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र सोहनलाल ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रम कल्याण बोर्ड मंडी में पंजीकृत लाभार्थियों को इंडक्शन चूल्हे व सोलर लैंप वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं का ऑनलाइन माध्यम से लाभ लेने के लिए सुंदरनगर के पंजीकृत लाभार्थियों की ई केवाईसी भी करवाई गई। साथ ही लोगों की समस्याओं को भी सुना गया। इस अवसर पर बोर्ड अध्यक्ष नरदेव सिंह कवंर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के द्वारा कामगारों के लिए 13 कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है।

पंजाब केसरी
THU,14 NOVEMBER 2024
EDITION: MANDI KESARI, PAGE NO. 3

# कामगारों की सुनी समस्याएं, बांटे इंडक्शन चूल्हे

## कामगार कल्याण बोर्ड ने आयोजित किया जागरूकता एवं वितरण समारोह



सुंदरनगर : लाभार्थी महिला को इंडक्शन चूल्हा देते नरदेव सिंह कंवर। (सोनी)

सुंदरनगर, 13 नवम्बर (सोनी): हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा बुधवार को सुंदरनगर के कृषक प्रशिक्षण केंद्र के सामुदायिक भवन में कामगारों के लिए जागरूकता एवं वितरण समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कामगार कल्याण बोर्ड हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने मुख्यातिथि तथा प्रदेश के पूर्व संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर विशेष अतिथि थे। इस अवसर पर कामगारों की समस्याओं को सुना गया तथा श्रम कल्याण बोर्ड मंडी में पंजीकृत लाभार्थियों को इंडक्शन चूल्हे व सोलर लैंप वितरित किए।

इसी दौरान हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा चलाई गई योजनाओं का ऑनलाइन माध्यम से लाभ लेने के लिए सुंदरनगर के पंजीकृत लाभार्थियों की ई- के.वाई.सी. भी करवाई गई। मुख्यातिथि नरदेव सिंह कंवर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के द्वारा कामगारों के लिए 13 कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

उन्होंने सुंदरनगर क्षेत्र के कांग्रेस के पदाधिकारियों व सदस्यों से आग्रह किया कि वे हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में अपनी पंचायत के अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण करवाएं। समारोह में मंडी जिला की श्रम अधिकारी भावना शर्मा, श्रम कल्याण अधिकारी अनिल ठाकुर, लेबर इंस्पैक्टर मुकुंद शर्मा, सुंदरनगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हेमंत शर्मा, महासचिव सी.एल. अवस्थी तथा नगर परिषद सुंदरनगर के पार्षदगण भी उपस्थित थे।



आपका फैसला

हिमाचल प्रदेश सरकार
सूचना एवं जन सम्पर्क
Information & Public Relations
Government of Himachal Pradesh

# सामुदायिक भवन सुंदरनगर में कामगारों के लिए जागरूकता समारोह का हुआ आयोजन

**सुंदरनगर, (आपका फैसला)**। कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर के सामुदायिक भवन में हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा कामगारों के लिए जागरूकता एवं वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक सुंदर नगर विधानसभा क्षेत्र सोहनलाल ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रम कल्याण बोर्ड मंडी में पंजीकृत लाभार्थियों को इंडक्शन चूल्हे व सोलर लैंप वितरित किए तथा कार्यक्रम के दौरान हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं का ऑनलाइन माध्यम से लाभ लेने के लिए सुंदरनगर के पंजीकृत लाभार्थियों की ई केवाईसी भी करवाई गई। साथ ही लोगों की समस्याओं को भी सुना गया। इस अवसर पर सुंदरनगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हेमंत शर्मा, सुंदरनगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महासचिव सी एल अवस्थी, श्रम अधिकारी जिला मंडी भावना शर्मा, श्रम कल्याण अधिकारी जिला मंडी अनिल ठाकुर, लेबर इंस्पेक्टर मुकुंद शर्मा, नगर परिषद सुंदरनगर के पार्षद गण, विभिन्न पंचायत के पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

दैनिक जागरण

हिमाचल प्रदेश सरकार
सूचना एवं जन सम्पर्क
Information & Public Relations
Government of Himachal Pradesh

# सुंदरनगर में पंजीकृत कामगारों को वितरित किए इंडक्शन चूल्हे व सोलर लैंप



सुंदरनगर में आयोजित कार्यक्रम कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर व पूर्व संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर कामगार को इंडक्शन प्रदान करते● जागरण

**संवाद सहयोगी, जागरण ● सुंदरनगर :** कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर के सामुदायिक भवन में हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की ओर से बुधवार को कामगारों के लिए जागरूकता एवं वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर मुख्य अतिथि व पूर्व संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रम कल्याण बोर्ड मंडी में पंजीकृत लाभार्थियों को इंडक्शन चूल्हे व सोलर लैंप वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं का आनलाइन माध्यम से लाभ लेने के लिए सुंदरनगर के पंजीकृत लाभार्थियों की ई-केवाईसी भी करवाई गई। साथ ही लोगों की समस्याओं को भी सुना गया।

नरदेव सिंह कंवर ने सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में अपनी पंचायत के अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण करवाएं ताकि जरूरतमंद व्यक्ति योजना का लाभ ले सकें। सोहनलाल ठाकुर ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जरूरतमंद व्यक्तियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर सुंदरनगर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हेमंत शर्मा, सुंदरनगर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के महासचिव सीएल अवस्थी, श्रम अधिकारी जिला मंडी भावना शर्मा, श्रम कल्याण अधिकारी जिला मंडी अनिल ठाकुर, लेबर इंस्पेक्टर मुकुंद शर्मा, नगर परिषद सुंदरनगर के पार्षद गण, विभिन्न पंचायत के पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।